भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5058
जिसका उत्तर मंगलवार, 23 दिसम्बर, 2014 को दिया जाना है

आईएल पलक्कड़ की स्थिति

5058. श्री एम. बी. राजेश:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आईएल पलक्कड़ को स्वायत्तता का दर्जा देने के मुद्दे के अध्ययन के लिए एक परामर्शदाता की नियुक्ति की हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और परामर्शदाता द्वारा क्या सिफारिश की गई है;
(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई निर्णय लिया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (घ): जी, हां। इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा (आईएलके) ने इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा की पल्लकड़ इकाई को एक स्वतंत्र कंपनी बनाने के लिए संभाव्यता अध्ययन करने हेतु निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात् मैसर्स आईपीई, हैदराबाद को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया है। दिनांक 02.08.2014 को नियुक्त किए गए परामर्शदाता ने अपनी सिफारिशें दे दी हैं। इंस्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड के बोर्ड द्वारा उक्त सिफारिशों का अनुमोदन कर दिए जाने के पश्चात् यह मंत्रालय सिफारिशों का मूल्यांकन और उन पर विचार करेगा।

****